कार्यालय सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण उत्तराखण्ड देहरादून।

03,/30, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, देहरादून।

संख्या– 803 / स0नि0पत्रा0 निर्वा0 सम0/ स0नि0प्रा0/ 2026–27 दिनॉक 16 सितम्बर , 2026।

–: कोटेशन आमंत्रण सूचना :–

सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण, उत्तराखंड में निर्वाचन से संबंधित समस्त डेटा को ऑनलाइन किये जाने हेतु एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जाना है। उक्त कार्य हेतु उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली, 2017 के अंतर्गत पंजीकृत, अनुभवी एवं जीएसटी पंजीकृत फर्मों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम – निर्वाचन डेटा मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का विकास
2. अनुमानित लागत – 2,50,000 रू0 (अधिकतम)
3. कार्य का विवरण –
   - राज्य की समस्त सहकारी समितियों एवं संघों का निर्वाचन सम्बन्धी डिजिटल डेटाबेस।
   - प्रत्येक समिति एवं संघ के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों/सदस्यों (Member) का विस्तृत डिजिटल अभिलेख।
   - समितियों एवं संघों के कार्यकाल (Tenure) का प्रबंधन एवं निगरानी।
   - पंजीकरण (Registration) एवं नवीनीकरण (Renewal) से संबंधित संपूर्ण विवरण।
   - निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक अभिलेखों एवं दस्तावेजों का डिजिटल संधारण।
   - सुरक्षित क्लाउड सर्वर पर डेटा संग्रहण (Cloud Storage) एवं नियमित बैकअप।
   - वेब आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा का सुरक्षित प्रबंधन एवं उपयोग।
4. कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 23–09–2026 सायं 5:00 बजे तक
5. कोटेशन खोलने की तिथि – दिनांक 24–09–2026 प्रातः 11:30 बजे, क्रय समिति के समक्ष

नियम व शर्तें –

1. फर्म को GST, PAN एवं सॉफ्टवेयर विकास का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
2. दरें समस्त करों सहित प्रस्तुत की जायें।
3. कार्यादेश के 30 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करना होगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए किसी भी कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार होगा।

(एम0पी0 त्रिपाठी) 16/9/26
सदस्य सचिव,
सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण,
देहरादून।

प्रतिलिपि – 1 विभागीय वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2 क्रय कमेटी सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सदस्य सचिव,
सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण,
देहरादून।